कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / Q-1 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2023 रायपुर, दिनांक **01 अक्टूबर 2023**

सूचना

(प्रवेश वर्ष 2023 चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर (MD / MS / MDS) पाठ्यक्रम हेतु नया ऑनलाईन आवेदन)

संचालनालय का सूचना दिनांक 24 सितम्बर 2023 (संलग्न) का अवलोकन करें। जिसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या File No. U-12021/07/2023-MEC दिनांक 20 सितम्बर 2023 एवं पत्र संख्या V.12025/14/2023-DE दिनांक 21 सितम्बर 2023 के अनुक्रम में चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर (MD/MS/MDS) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 हेतु नये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त अवधि में अन्य राज्यों के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य की अनारक्षित श्रेणी के लिए ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पाये थे, ऐसे नये पात्र अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा स्नातकोत्तर (MD/MS/MDS) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 में अनारक्षित श्रेणी हेतु नया ऑनलाईन आवेदन निम्न समय–सारिणी अनुसार कर सकेंगे :–

नये ऑनलाईन आवेदन हेतु समय–सारिणी :–

प्रारंभ तिथि एवं अंतिम तिथि	दिनांक : **04 अक्टूबर 2023** समय : **11:00 Hrs (Server Time)** **से** दिनांक: **05 अक्टूबर 2023** समय : **23:59 Hrs (Server Time) तक**

नोटः– ***ऐसे अभ्यर्थियों जो पूर्व में नीट द्वारा जारी कट ऑफ स्कोर अनुसार ऑनलाईन आवेदन हेतु पात्र थे यदि किसी कारणवश नया ऑनलाईन आवेदन कर संस्था चयन करने में सफल हो जाते है तो भी उनका आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।*** **परसेंटाईल कम होने उपरांत नये पात्र हुए अभ्यर्थी ही केवल नया ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने हेतु पात्र है।**

काउंसिलिंग की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in एवं एन.आई.सी. की वेबसाइट www.cgdme.admissions.nic.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

01/10/2023

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.